SWAMI VIVEKANAND GOVERNMENT COLLEGE
GHUMARWIN

*Affiliated to Himachal Pradesh University Shimla*
*(File No. 1-128/94-HPU (Acad.)Vol.-III*

**Website: www. https://gcghumarwin.ac.in/e-mail: gcghumarwin-hp@nic.in**

**Phone No.01978255551**


**2.3.1: Student centric methods such as experimental learning, participative learning and problem solving methodologies are used for enhancing learning experiences.**

# Participative learning



दिनचर्या में हिंदी भाषा का प्रयोग करें छात्र : राजेंद्र

घुमारवीं महाविद्यालय में आयोजित हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि और छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

घुमारवीं (बिलासपुर)। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने की। इस अवसर पर वाद-विवाद, भाषण और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में वैष्णवी ने पहला, कनिका ने दूसरा और हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कहानीकार एवं लेखक राजेंद्र राजन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने छात्रों को हिंदी विषय में अवसर एवं चुनौतियां पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने छात्रों को अपनी दिनचर्या में अंग्रेजी भाषा के शब्दों का प्रयोग न करते हुए हिंदी भाषा के प्रबल पठन और लेखन पर बल दिया।

उन्होंने अपनी स्वयं रचित रचनाओं की प्रतिलिपि भी छात्रों को प्रदान की। प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने छात्रों को हिंदी भाषा का अधिक प्रयोग करने और हिंदी भाषा को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने के लिए निरंतर प्रयत्न करते रहने का आग्रह किया। महाविद्यालय के विभिन्न समितियों के समन्वयक प्रो. सुरेश शर्मा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।

उन्होंने हिंदी को राष्ट्र की गौरवमयी भाषा बताया। इस अवसर पर डॉ. अंजना, डॉ. रिपिन, प्रो. चंचल, प्रो. राकेश, प्रो. कविता, प्रो. ज्योति बरवाल, प्रो. पूजा सहित अन्य प्राध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।

अमर उजाला - 19 - Sep. - 2023

***Debate, elocution and poem Competition***



घुमारवीं महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

घुमारवीं : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस–2023 पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थी सामूहिक चित्र में। (कुलवंत)

घुमारवीं, 11 अक्तूबर (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट ने वुमन सैल तथा जैंडर क्लब के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस-2023 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण और उनके मानवाधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देना, उनकी जरूरतों और चुनौतियों को उजागर कर उनका समाधान करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने कहा कि यदि हम इतिहास पर नजर डालें तो नारी को सदा ही अव्वल दर्जा दिया गया है।

आज जो दुराचार हो रहे हैं उसके पीछे दुराचारी की दूषित सोच है। इस अवसर पर सह-पाठ्य समितियों के संयोजक डा. सुरेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सही संस्कार तथा जागरूकता समय की मांग है। इस कार्यक्रम में जैंडर चैंपियन क्लब की नोडल अधिकारी डा. रीता कुमारी ने संवैधानिक अधिकार और विशाखा गाइडलाइन, कार्यस्थल पर यौन शोषण के विरुद्ध अधिनियम, जैंडर चैंपियन क्लब व महिला प्रकोष्ठ पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर रोवर रेंजर द्वारा एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

पंजाब केसरी 12/oct/2023

मेहंदी प्रतियोगिता में अंजलि प्रियंका और निकिता रही प्रथम

- घुमारवीं कालेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस
- रंगोली प्रतियोगिता में करण प्रीत ने हासिल किया पहला स्थान

संवाद सहयोगी, दकड़ी चौक : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट ने वूमेन सेल तथा जेंडर क्लब के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण और उनके मानवाधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देना, उनकी की जरूरतों और चुनौतियों को उजागर कर उनका समाधान करना भी है। इसमें लैंगिक समानता और संवेदीकरण में सुदेश कुमारी ने प्रथम, शिवानी शर्मा और निहारिका ने द्वितीय स्थान तथा महिला सशक्तिकरण पर आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में अंजली शर्मा, प्रियंका और निकिता ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रंगोली में लैंगिक समानता पर अंजली ठाकुर और अर्षित महिला सशक्तिकरण पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में करण प्रीत ने प्रथम कोमल और राहुल ने [illegible] पर रोवर रेंजर द्वारा एक नुक्[illegible] नाटिका भी प्रस्तुत की गई। [illegible] अवसर पर महाविद्यालय कार्यव[illegible] प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने विद्या[illegible] को संबोधित किया।

वरिष्ठ प्राध्यापक व सभी पाठ्य समितियों के संयोज[illegible] सुरेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा [illegible] सही संस्कार तथा जागरूकता की मांग है। इस अवसर [illegible] प्रीतम लाल, डा सुरेश श[illegible] ज्योति प्रभा, प्रो. नीलम [illegible] ज्योति बरवाल, प्रो राकेश कु[illegible] प्रवीण कुमार, प्रो.पूजा [illegible] कविता ठाकुर, रोवर्स लीडर [illegible] कुमार, रोवर रेंजर, जेंड[illegible] क्लब के विद्यार्थी सदस्य [illegible]

***Street Play by students***

पंजाब केसरी 04/Dec/2023




घुमारवीं : कालेज परिसर को सुंदर बनाने की दिशा में क्यारियों में फूल लगाते कैडेट्स। (कुलवंत)

## घुमारवीं कालेज का मुख्य गेट तथा बाहरी दीवार पर कैडेट्स की पेंटिंग कर रही आकर्षित

घुमारवीं, 3 दिसम्बर (कुलवंत): राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की एन.सी.सी. आर्मी विंग यूनिट 4 एच.पी. (आई) कंपनी हमीरपुर में प्राचार्य राम कृष्ण के दिशा-निर्देशों तथा प्रयासों में कैडेट्स को एन.सी.सी. के मुख्य उद्देश्यों को समझाने हेतु विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत एन.सी.सी. कैडेट्स ने महाविद्यालय के मुख्य गेट व इसके आसपास के भाग को स्वच्छ व सुंदर बनाने हेतु गोद लिया है। कैडेट्स ने इस स्थान को साफ कर क्यारियों में फूल लगा रहे हैं। कैडेट्स द्वारा इस स्थान की दीवारों पर रंग रोगन कर उन पर एन.सी.सी. का लोगों, एन.सी.सी. के उद्देश्य, कारगिल विजय दिवस, राष्ट्र सेवा, ड्रग्स से बचाव, स्वच्छता, विभिन्नता में एकता तथा तान्या शेरगिल इत्यादि विषयों पर सुंदर चित्र बनाए गए।

इन गतिविधियों को एन.सी.सी. कार्यकारी अधिकारी प्रो. राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में करवाया गया। इस गतिविधि में नैना, शिवानी, राहुल, सोनिका, कनिका, आंचल, उज्ज्वल, शौर्य, नवनीत, प्रशांत, शिवांश, अनमोल, कृतिका, शिवम्, विवेक व अनमोल इत्यादि कैडेट्स ने भाग लिया। प्रो. राजीव शर्मा ने प्रो. प्रीतम लाल, प्रो. बच्चन सभी समितियों के समन्वयक डा. सुरेश शर्मा तथा सभी प्राध्यापकों का इन गतिविधियों में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने तथा सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में इस गतिविधि को बड़ा आकार देने की बात कही।

***Painting by NCC for campus beatification***

## रैड रिबन क्लब ने किया लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक

घुमारवीं, 7 नवम्बर (केशव): राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के रैड रिबन क्लब ने एच.आई.वी. एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का मंचन शिवा वैटर्नरी कालेज घुमारवीं और बस स्टैंड घुमारवीं में किया जिसमें महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब के 10 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने एच.आई.वी. एड्स बीमारी के फैलने और इसके रोकथाम के बारे में जागरूक किया, साथ ही इस बीमारी के साथ जुड़े हुए भ्रमों और गलत जानकारियों को दूर करने की भी कोशिश की।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने इस बीमारी की जानकारी अपने समाज के हर तबके तक पहुंचाने और खुद भी इस बीमारी से बचने का आग्रह किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. राम कृष्ण ने इस जागरूकता फैलाओ प्रोग्राम में भाग लेने वाले समाजसेवियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके इस प्रयास को सराहा। इस कार्यक्रम का निर्देशन महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर प्रो. ललित शर्मा ने किया।




घुमारवीं : घुमारवीं कालेज में नुक्कड़ नाटक करते रैड रिबन क्लब के सदस्य। (केशव)

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (H.P.)

पंजाब केसरी 08/11/23

***Street Play by Red Ribbon Club***

# सड़क सुरक्षा सैल ने विद्यार्थियों को बताई सड़क सुरक्षा

घुमारवीं, 22 सितम्बर (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सैल की ओर से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मुख्यातिथि, ए.एस.आई. मदन लाल, एस.एच.ओ. घुमारवीं विपिन चौधरी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विपिन चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों की अवहेलना न हो, इसके लिए जागरूकता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में फोरलेन पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं जिसके लिए फोरलेन पर चलने के तरीके के बारे में जागरूकता अति आवश्यक है। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे के जाल से बचने के लिए पुलिस के साथ-साथ समाज को मिलकर काम करना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रो. अरुण कुमार ने पी.पी.टी. प्रैजैंटेशन द्वारा यातायात नियमों के प्रतीकों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने एस.एच.ओ. घुमारवीं को धन्यवाद देते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अमूल्य जीवन की रक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों की जानकारी के साथ-साथ इनके पालन पर बल दिया।

इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें वैष्णवी ने प्रथम, पूनम ठाकुर ने द्वितीय तथा शिवांश भारद्वाज ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता[illegible] को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में [illegible] पूजा और डा. प्रवीण ने मंच संचाल[illegible] किया। इस अवसर पर डा. महेंद्र [illegible] भाटिया, डा. राकेश, प्रो. ललित, प्रो. अनि[illegible] प्रो. कविता व प्रो. पूजा उपस्थित थे।




घुमारवीं : सड़क सुरक्षा सैल की ओर से घुमारवीं कालेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में करवाई गई वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी मुख्य वक्ता एस.एच.ओ. घुमारवीं विपिन चौधरी के साथ सामूहिक चित्र में। (कुल[illegible])

पंजाब केसरी 23/Sep/2023

***Debate Competition by Road Safety Club***

दिव्य हिमाचल 25/7/23 DATE

# एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में घुमारवीं कालेज के कैडेट्स का दबदबा

## प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने सीखा फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग, फायर फाइटिंग, जजिंग डिस्टेंस

स्टाफ रिपोर्टर-घुमारवीं

बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में संपन्न हुए एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के 27 कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिविर में 360 कैडेट्स के बीच अपने महाविद्यालय की विशेष छाप छोड़ी। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. जय महलवाल ने यह जानकारी सांझा करते हुए बताया कि यह वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रथम एनसीसी बटालियन (ब्वॉयज) सोलन द्वारा आयोजित कराए गया। इस एटीसी-31 शिविर में घुमारवीं महाविद्यालय के सीनियर अंडर आफिसर शिवम रनौत और अंडर आफिसर कनिका शर्मा को कैंप सीनियर नियुक्त किया गया था, जबकि कंपनी क्वार्टर मास्टर सार्जेंट विवेक कुमार और लांस कॉरपोरल प्रियंका शर्मा को ब्रावो कंपनी सीनियर नियुक्त किया गया था। इन सब कैडेट्स ने नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैडेट शिवानी ने ड्रिल कंपीटीशन में द्वितीय स्थान, कैडेट सिद्धार्थ राणा ने बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रनरअप, वॉलीबॉल (ब्वॉयज) में सार्जेंट सौरभ, अमित, सत्यम, साहिल तथा गर्ल्स टीम में कनिका, कृतिका, नैना, शिवानी और अंकिता ने रनर्स अप ट्रॉफी पर कब्जा किया। कनिका शर्मा ने बैडमिंटन में गोल्ड मेडल और कैडेट सोनिका, प्रियंका को



पायलटिंग के लिए पुरस्कृत किया गया। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स ने हथियारों को खोलना-जोड़ना, फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग, फायर फाइटिंग, जजिंग डिस्टेंस इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट जय महलवाल और सभी कैडेट्स को बधाई दी।

***Participative Learning in  NCC training Camp***

दैनिक जागरण

# कविता लेखन में घुमारवीं महाविद्यालय की वैष्णवी प्रथम



महाविद्यालय घुमारवीं पहुंचने पर वैष्णवी को सम्मानित करते प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ● जागरण

**संवाद सहयोगी, घुमारवीं** :भाषा कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अंतर महाविद्यालय कविता लेखन स्पर्धा में स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की वैष्णवी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। यह कार्यक्रम जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी की ओर से संस्कृति सदन कंगणीधार में आयोजित किया गया। वैष्णवी ने प्रदेश के प्रतिष्ठित कवि एवं साहित्यकार के समक्ष मत सोचो कल क्या होगा शीर्षक से अपनी स्वयं रचित कविता प्रस्तुत की। वैष्णवी को पुरस्कार स्वरूप 3100 रुपये की राशि प्रदान की गई।

वैष्णवी की इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी समितियों के संयोजक प्रो. सुरेश शर्मा हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू शर्मा प्रो. ज्योति बरवाल उपस्थित रहे।

***Poem writing Competition***

# घुमारवीं कालेज में संगीत–नृत्य का धमाल

## विधायक राजेश धर्माणी ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता, डा. अरुण भारद्वाज रहे विशेष अतिथि

स्टाफ रिपोर्टर-घुमारवीं

कालेज कैंपस

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक राजेश धर्माणी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताएं अयोजित की गई। जिनमें गीत, संगीत, एकल गान, समूह गान, योगासन प्रदर्शन, पंजाबी गिद्दा, लोक नृत्य, स्किट अमन ने एकल अभिनय मंच पर आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक राजेश धर्माणी ने प्रतिभा खोज कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीवन को अर्थपूर्ण बनाने के लिए पढ़ाई के साथ साथ प्रतिभा का प्रदर्शन होना समय की मांग है जिससे हर विषय को रुचिकर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में लर्निंग एवं अर्निंग एंटरप्राइज की स्थापना की जाएगी। जिसमे स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेक में बेहतर ग्रेड के लिए उच्च शिक्षा की गुणवत्ता की अत्यंत आवश्यकता है जिस दिशा में शिक्षकों को छोटे-छोटे उद्देश्य निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने महाविद्यालय में करवाई गई इस माह में करवाई गई पोस्टर निर्माण, क्ले मॉडलिंग, फोटोग्राफी, स्पॉट पेंटिंग, रंगोली, भाषण, वाद विवाद, स्किट, सरस्वती वंदना प्रतियोगियों तथा मंच पर हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरुस्कृत किया। मंच पर आयोजित एकल नृत्य में प्रियांशु ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय, गरिमा ने तृतीय स्थान, रोहित ने प्रथम शिया ने द्वितीय अंशुल ने तृतीय स्थान वहीं बिलासपुरी नृत्य को प्रथम, पंजाबी गिद्दे को द्वितीय, पहाड़ी नाटी को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में

- डांस में प्रियांशु ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय, गरिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया
- बिलासपुरी नृत्य भी रहा फर्स्ट

अरुण भारद्वाज और प्रो सुरेश शर्मा की जुगलबंदी ने रंग जमाया। इस अवसर पर प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय पत्रिका पारिजात का भी विमोचन किया। प्रो. प्रीतम लाल ने मुख्य अथिति व अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर रीता सहगल, कपिल शर्मा, राकेश कुमार तथा डा. जगदीश शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

Principal

***Cultural activity***

दैनिक जागरण 05/Sep./2023 DATE

# भाषा ही नहीं, जीवन पद्धति है संस्कृत : लेखराम

**संवाद सहयोगी, घुमारवीं/दकड़ी चौक :** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में श्रावणी पूर्णिमा संस्कृत सप्ताह का समापन हुआ। संस्कृत विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद डा. लेखराम शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत मात्र भाषा ही नहीं बल्कि हमारी जीवन पद्धति है।

उन्होंने संस्कृत को दैनिक जीवन में उपयोग करने पर बल दिया। इससे पूर्व महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के संयोजक प्रो. सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय परिप्रेक्ष्य में संस्कृत एक वैज्ञानिक, कंप्यूटर द्वारा स्वीकृत, ज्ञान-विज्ञान तथा भारतीय संस्कारों की भाषा है। हमारे सभी मुख्य ग्रंथ, वेद, पुराण, उपनिषद तथा ज्ञान विज्ञान के सभी रहस्य संस्कृत भाषा में हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रीतम लाल उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्रों ने संस्कृत गीतिका, संस्कृत श्लोक उच्चारण, संस्कृत संभाषण आदि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संयोजन संस्कृत विभाग की ओर से डा. अंजना कुमारी व डा. रिपिन कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान प्रो. ज्योति बरवाल, डा. रीता कुमारी, प्रो. शिष्टा, प्रो. राकेश, प्रो. पूजा, प्रो. शिष्टा, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. राजीव शर्मा, प्रो. कविता तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में श्रावणी पूर्णिमा संस्कृत सप्ताह के समापन पर मुख्य अतिथि डा. लेखराम शर्मा आयोजकों व विद्यार्थियों के साथ • जागरण

***Celebration of Sanskrit week***


# पोस्टर मेकिंग में बीएससी की शिवानी प्रथम

**■ घुमारवीं एनसीसी यूनिट ने किया विभिन्न गतिविधियों का आयोजन**

हिमाचल दस्तक ■ घुमारवीं

**राजकीय** महाविद्यालय घुमारवीं में एनसीसी संबंध आर्मी विंग यूनिट 4 एचपी आई कंपनी हमीरपुर द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। एनसीसी द्वारा छेड़े गए एक अभियान के अंतर्गत गत सप्ताह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में सफाई तथा क्यारियों का रखरखाव कर उनमें विभिन्न प्रकार के फूल लगाए। एक अन्य गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने सुंदर पोस्टरों के माध्यम से भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संदेश दिया। इस गतिविधि में शिवानी शर्मा बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम, सोनिका कुमारी बीए तृतीय वर्ष ने दूसरा तथा कृतिका वर्ष प्रथम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एक अन्य गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों को फौज में भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इन सभी गतिविधियों को एनसीसी कार्यकारी अधिकारी प्रो. राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में करवाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने इन गतिविधियों में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों कि सराहना की। इन गतिविधियों के आयोजन में सभी गतिविधियों के संयोजक डॉ सुरेश शर्मा, प्रो. प्रीतम लाल, प्रो बच्चन सिंह तथा अन्य सभी प्राध्यापकों का सहयोग रहा।



हिमाचल दस्तक 04/Nov./2023

***Poster Making Competition***



जागरण 08/11/2023

# घुमारवीं में नुक्कड़ नाटक से दी एचआइवी की जानकारी



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआइवी एड्स की जानकारी देते राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के रेड रिबन क्लब के सदस्य • जागरण

संवाद सहयोगी, घुमारवीं : राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के रेड रिबन क्लब ने एचआइवी एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का मंचन शिवा वेटेरनरी कालेज घुमारवीं और बस स्टैंड घुमारवीं में किया। इसमें रेड रिबन क्लब के दस स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने एचआईवी एड्स बीमारी के फैलने और इसके रोकथाम के बारे में जागरूक किया। साथ ही इस लाइलाज बीमारी के साथ जुड़े हुए भ्रमों और गलत जानकारियों को दूर करने की भी कोशिश की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने इस बीमारी की जानकारी समाज के हर तबके तक पहुंचाने और खुद भी इस बीमारी से बचने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का निर्देशन महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के नोडल आफिसर प्रो ललित शम ने किया।

***Street Play by Students in AIDS Awareness Program***

# प्रतिभा खोज कार्यक्रम

## *राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं*

दिनांक 30 सितम्बर 2023

स्वामी विवेकानद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में 30 सितंबर, 2023 को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को ढूंढना एव अपनी लोक संस्कृति को सहजना था। इसमें विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमे प्रमुख तौर पर संगीत गायन, लोकनृत्य, पहाड़ी नृत्य, गिद्दा, योगा आदि छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम की तैयारी कई दिन पूर्व से छात्र, डॉक्टर ज्योति प्रभा, प्रोफेसर सुरेश कुमार एवं प्रोफेसर नीलम की देखरेख में कर रहे थे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

प्रतिभा खोज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक श्री राजेंद्र धर्माणी जी थे। कार्यक्रम का प्रारंभ 11:00 बजे महाविद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि के आगमन से हुआ। मुख्य अतिथि महोदय ने सर्वप्रथम महाविद्यालय में पीजीडीसीए लैब का विधिवत्त शुभारंभ अपने हाथों से किया।

सांस्कृतिक गतिबिधियों का आयोजन महाविद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर, मुख्य अतिथि के साथ डॉ अरुण भारद्वाज, स्थानीय नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती रीता सहगल, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री श्याम शर्मा, स्थानीय पंचायत प्रधान पवन, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष श्री अभिषेक, राकेश, कपिल शर्मा, शशिपाल, डॉ जगदीश, सीएसीए प्रधान ऋषिता कुमारी, मीडिया कर्मी आदि गणमान्य शामिल रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सम्मान फलक से सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय के छात्रों ने दीप प्रज्वलन के समय सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रामकृष्ण ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन अपने अभिभाषण से उद्बोधन किया। प्राचार्य महोदय ने अवगत करवाया कि वर्तमान में महाविद्यालय में आठ विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं चल रही हैं। खेल मैदान का कार्य पूर्ण हो चुका है और महाविद्यालय विकास के लिए 25 करोड़ का प्रपोजल डायरेक्टर ऑफ़ हाईयर एजूकेशन को भेजी गया है। वर्तमान में महाविद्यालय में ऑडिटोरियम, साइंस ब्लॉक का निर्माण कार्य चल रहा है। महाविद्यालय में पार्किंग और बास्केटबाल प्रांगण के रिपेयरिंग कार्य 40 लाख की लागत से पूर्ण हुआ है। इसके साथ ही कुछ एक नए विषयों में कोर्स का प्रारंभ महाविद्यालय में हुआ है जिसमें बहुत सारे छात्रों ने रूचि दिखाई और वर्तमान में यह कोर्स चल रहे हैं। प्राचार्य महोदय ने मुख्य अतिथि, माननीय

विधायक जी से अपनी कुछ एक मांगे महाविद्यालय के विकास के लिए रखीं जिनमें मुख्य तौर पर वर्तमान में अध्यापकों की कमी, प्रयोगशाला में लैब स्टाफ की कमी, पीजी ब्लॉक के निर्माण की आवश्यकता, बाल छात्रावास एवं कन्या छात्रावास का निर्माण आदि शामिल रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ हिमाचल लोकगीत प्रतियोगिता के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में प्रोफेसर पीसी गौतम, डॉ शिष्टा, प्रोफेसर उजाला रहे। इस प्रतियोगिता में कुल आठ छात्रों ने भाग लिया। जिनमें प्रथम स्थान रोहित (बीए तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान सिया कुमारी (बीए प्रथम वर्ष) एवं तृतीय स्थान अंशुल (बीए तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

एकल नृत्य प्रतियोगिता मे महाविद्यालय के नौ छात्रों ने भाग लिया। एकल नृत्य प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में प्रोफेसर राजीव, प्रोफेसर ज्योति बरवाल, प्रोफेसर किरण देवी रहे। इसमें प्रथम स्थान प्रियांशु (एमएससी तृतीय सत्र), द्वितीय स्थान पूजा (एमएससी प्रथम सत्र) तृतीय स्थान गरिमा (एमएससी प्रथम सत्र) ने प्राप्त किया।

इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा अपनी लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समूह लोकगीत प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्रों ने विभिन्न पहाड़ी लोकगीतों का समिश्रित स्वरूप बहुत ही सुरीली आवाज में प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के कन्या छात्रावास की छात्राओं के द्वारा समूह योग प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने बहुत ही सुंदर तरीके से अपना योग प्रस्तुत किया एवं अपने समूहयोग के माध्यम से सभी को योग का महत्व एवं योगा करने के लिए भी प्रेरित किया।

रिपोर्ट समिति

डा॰ सूर्य कांत(संयोजक)<br>
डा॰ अंजना कुमारी (सदस्य)<br>
डा॰ शिष्टा शर्मा (सदस्य)<br>
डा॰ ज्योत्सना (सदस्य)

प्राचार्य<br>
राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं














***Experiential learning***



अमर उजाला 08/Aug./2023

**भारत छोड़ो आंदोलन की याद में किया कार्यक्रम का आयोजन**

घुमारवीं महाविद्यालय में भारत छोड़ो आंदोलन की याद मे आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। -संवाद

घुमारवीं (बिलासपुर)। जिला एनएसयूआई इकाई ने घुमारवीं कॉलेज में भारत छोड़ो आंदोलन की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज ने बताया कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए स्वतंत्रता आंदोलन के प्रयासों का प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। उन्हीं की बदौलत हम पढ़ाई कर पा रहे हैं। आजादी की नींव हमें इन आंदोलनों से ही मिली है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार का रवैया आज केंद्र सरकार ने अपना रखा है उससे देश का लोकतंत्र और आजादी खतरे में है। देश के युवाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है, ताकि इस गूंगी और बहरी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इस अवसर पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय सोशल मीडिया सहसंयोजक नितिन चड्डा, महाविद्यालय के अध्यक्ष रोहित, उपाध्यक्ष शिवांश, भारती,अक्षय, रितेश, रिया और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संवाद


अमर उजाला 07/8/23

Principal

***Feeling of freedom struggle***

247

# घुमारवीं कॉलेज में छेड़ा पर्यावरण सुरक्षा अभियान




फोकस हिमाचल, घुमारवीं

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में स्वच्छता व पर्यावरण सुरक्षा अभियान के अंतर्गत प्राचार्य राम कृष्ण की अध्यक्षता में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी के स्टूडेंट्स ने कॉलेज प्रांगण से प्लास्टिक के कचरे को इकट्ठा किया तथा इस कचरे को रिसाईकल करने के लिए नगरपालिका समिति को सौंपा इसके अतिरिक्त एनसीसी के स्टूडेंट्स ने स्मार्ट क्लास रूम, बोटैनिकल, गार्डन, एन.सी.सी.रूम तथा महाविद्यालय के विभिन्न हिस्सों में सफ़ाई की। अंत में महाविद्यालय के विभिन्न स्टूडेंट्स ने महाविद्यालय प्रांगण से नसवाल तक रैली निकाली।

***Cleanliness Program***

# रोवर्स रेंजर्स ने लिया पावेल के सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प



*घुमारवीं : राजकीय घुमारवीं महाविद्यालय में वर्ल्ड स्कार्फ डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्काऊट्स एंड गाइड्स सामूहिक चित्र में।* (कुलवंत)

घुमारवीं, 2 अगस्त (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय घुमारवीं महाविद्यालय में स्काउट्स एंड गाइड्स यूनिट द्वारा वर्ल्ड स्कार्फ डे मनाया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय से रोवर लीडर सहायक डा. मनीष कुमार और रेंजर लीडर सहायक एस.एस.ओ.सी. प्रो. पूनम के नेतृत्व में रोवर नितिन चड्ढा, नवल किशोर, स्नेहल शर्मा और रेंजर साक्षी शर्मा, प्रियांचल ने भाग लिया। प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण को स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया गया। रामकृष्ण ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से स्काऊटिंग को बढ़ावा मिलता है और स्काऊट एंड गाइड प्रतिज्ञाओं के तहत काम करने को प्रोत्साहित करती है।

स्काऊटिंग एक आंदोलन है जिसमें बच्चों से बड़ों तक के उच्च कोटि की नैतिकता व योग्यता का विकास किया जाता है।

पंजाब केसरी 03/Aug/2023

***Felicitation of Principal by Scarf on World Scarf Day***

# जैंडर चैंपियन क्लब ने बनाई समलैंगिकता पर फिल्म

**घुमारवीं, (आपका फैसला)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में जेंडर चैंपियन क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्वीप के कैंपस एम्बेसडर धीरज ने जेंडर चौंपियन क्लब के विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, स्वीप कार्यक्रम और मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्तर पर स्वीप के नोडल अधिकारी प्रो. सीताराम ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे निडर होकर मतदान करें और मतदान से जुड़ी जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप जैसे वोटर हेल्पलाइन का प्रयोग करें साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे मतदान करने और मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए अधिक से अधिक अपने विद्यार्थी साथियों को प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में समलैंगिकता पर विद्यार्थियों को जागरूक और संवेदनशील करने के उद्देश्य से एक लघु फिल्म भी दिखाई गई जिसका निर्माण जेंडर चैंपियन अमन चौहान और उनके साथियों ने किया है। यह फिल्म समलैंगिकता को पारिवारिक स्वीकार्यता और समर्थन दिया जाए, इस विषय पर आधारित है । इस फिल्म में जेंडर अमन चैंपियन अमन चौहान, सपना सोनी, भावना, वीर, शिवांशू, अखिलेश ने अभिनय किया है और विद्यार्थी मनीष ने सिनेमेटोग्राफी की है। इस फिल्म पर चर्चा करते हुए जेंडर चैंपियन अमन चौहान ने कहा कि उन्हें समलैंगिकता पर फिल्म निर्माण की प्रेरणा समलैंगिक व्यक्ति के साक्षात्कार को देखने के बाद मिली इसलिए उन्होंने सोचा कि इस विषय पर हमारे युवा साथियों को संवेदनशील होने की आवश्यकता है। जेंडर चैम्पियन सपना सोनी ने समलेंगिकता क्या है और कितने प्रकार की होती है इस विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि समलैंगिकता कोई बीमारी नही बल्कि एक प्राकृतिक पैदाइशी प्रवृति है जिसमे व्यक्ति सेम सेक्स के लोगों के प्रति आकर्षित होते हैए इसमें उनका कोई दोष नही होता लेकिन जानकारी के अभाव में हम उन्हें गलत और समाज के नैतिक मूल्यों के विपरीत समझ बैठते है और कई गलत अवधारणाएं बना लेते है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक और शिक्षित करने के उद्देश्य से भारतीय चुनाव प्रणाली, स्वीप कार्यक्रम और लोकतंत्र विषय पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी भी करवाई गई जिसमे 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आकृति शर्मा ने प्रथम और धीरज कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में प्रो. रमेश, डॉ. रीता कुमारी, संतोष, सचिन व राजनीति शास्त्र, पत्रकारिता, जेंडर चैंपियन क्लब और स्वीप कार्यक्रम क्लब के 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

Librarian (College Cadre) SVGC, Ghumarwin, Distt. Bilaspur
Principal S.V. Govt. Degree College Ghumarwin, Distt. Bilaspur

आपका फैसला 17/03/24

***Acting and cinematography act by students (Gender Champion Club)***

# विद्यार्थियों ने सजाई रिटेल शॉप

घुमारवीं, 12 सितम्बर (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के रिटेल मैनेजमैंट के विद्यार्थियों द्वारा मंगलवार को कालेज में एक रिटेल शॉप का आयोजन किया जिसका उद्घाटन प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण द्वारा किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की पहल विद्यार्थियों को बिजनैस लीडर बनने में मदद कर सकती है और उन्हें उद्यमिता आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकती है। प्राचार्य की टिप्पणी महाविद्यालय में गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक पहल करेगी जो न केवल व्यवसाय पैदा करेगी बल्कि दूसरों को अधिक रोजगार भी प्रदान कर सकती है।नोडल अधिकारी प्रो. सीता राम ने विद्यार्थियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि व्यवहारिक ज्ञान सैद्धांतिक ज्ञान से अधिक उपयोगी है।

रिटेल शॉप के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विपणन कौशल, बिक्री कौशल, प्रचार और उत्पादन कौशल, विनिर्माण कौशल, लागत प्रबंधन, समय प्रबंधन, मानव स्रोत मूल्य के बारे में व्यवहारिक रूप से जागरूक करना था।

छात्र रिटेल के विशाल क्षेत्र में असीमित नवप्रवर्तन कर सकते हैं। वहां खुदरा प्रबंधन विभाग के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षण कर्मचारी पूजा शर्मा, राकेश ठाकुर, कुनाल कश्यप, नेहा शर्मा, आतिथ्य एवं पर्यटन विभाग से राजीव चौहान और राजीव कुमार, उजाला धीमान और इशानी भी मौजूद रहे।




*घुमारवीं : घुमारवीं कालेज में रिटेल मैनेजमैंट के विद्यार्थियों द्वारा सजाई गई रिटेल शॉप का अवलोकन करते प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण।* (कुलवंत)

पंजाब केसरी 13/9/23

***Retail shop by B. Voc. Students***

## घुमारवीं महाविद्यालय में मनाया गया विजय दिवस

# भारत–पाक युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि




बिलासपुर, ( आपका फैसला )। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की एनसीसी आर्मी विंग यूनिट 4 एचपी (आई) कंपनी, हमीरपुर में प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण के दिशानिर्देशों के अनुसार विजय दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय के मुख्य गेट व इसके आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई तथा क्यारियों में लगाए गए फूलों को पानी दिया। इसके उपरांत 1971 के युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की याद में 2 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी समितियों के समन्वयक डॉ. सुरेश शर्मा ने कैडेट्स में देश प्रेम का जोश, जुनून तथा जज्बा जगाने हेतु विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि देश को सुरक्षा प्रदान करने में सुरक्षा बलों का योगदान, त्याग, समर्पण तथा बलिदान सर्वोपरी है। डॉ. शर्मा ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को भविष्य में सुरक्षा बलों में शामिल होकर राष्ट्र सेवा का सपना देखना चाहिए। इस कार्यक्रम में अंडर ऑफिसर कनिका शर्मा द्वारा विजय दिवस मनाने का उद्देश्य कैडेट्स को बताया गया। एनसीसी कार्यकारी अधिकारी प्रो. राजीव शर्मा द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा कैडेट्स को 1971 युद्ध के विषय में वीडियो भी दर्शाया गया। कैडेट शिवानी शर्मा और कैडेट रोहित ठाकुर ने विजय दिवस पर भाषण प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में सीपीएल सोनिका कुमारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों व कैडेट्स का धन्यवाद किया। इस गतिविधि में शिवानी, सोनिका, कनिका, आंचल, सत्यम, प्रियंका, अर्पिता, तराना, रोहित, राजकुमार शामिल रहे।

आपका फैसला
17 Dec./2023

*Feeling of Patriotism by students on Vijay Divas*

## 30 विद्यार्थियों का दल दो दिवसीय इंडस्ट्रियल तथा एक्सपोजर विजिट के लिए हुआ रवाना




सामूहिक चित्र के स्टूडेंट्स व अन्य।

सवेरा न्यूज/प्रदीप कुमार घुमारवीं,: स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए (एचईआईएस) हाई इन्स्टीट्यूट एजूकेशन सोसायटी द्वारा दो दिवसीय औद्योगिक तथा एक्सपोजर विजिट पर चण्डीगढ़ तथा पंचकुला भेजा गया। यह दल टाइम्स ऑफ इंडिया तथा स्पेस विंडो प्राइवेट लिमिटेड का दौरा करेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने विद्यार्थियों को रवाना करने से पहले औद्योगिक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें महाविद्यालय द्वारा प्रदान किए जा रहे इन अवसरों से व्यवसायिक रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय एचईआईएस के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियो को निर्देशित करते हुए औद्योगिक विजिट के महत्व के बारे में बताया। 30 विद्यार्थियों के इंडस्ट्रियल तथा एक्सपोजर विजिट के इस दल का नेतृत्व प्रो. रजनी ठाकुर, डॉ. रवि कुमार और प्रो. भारती कर रहे है। इस अवसर पर बीबीए की विभागाध्यक्षा प्रो. रजनी ठाकुर भी उपस्थित रहीं।

19/ Dec./2023

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (H.P.)

*Industrial Visit by BBA students*

## घुमारवीं कालेज में मनाया वन महोत्सव



घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के कैंपस ब्यूटिफिकेशन कमेटी द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस कमेटी के संयोजक डा. महेंद्र सिंह भाटिया ने कहा कि वन विभाग द्वारा हिमाचल को पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कॉलेज कैंपस ब्यूटिफिकेशन कमेटी की ओर से आंवला, हरड़, अनार के पौधों का रोपण किया गया है। जिसका शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने किया।

दिव्य हिमाचल 13/Aug./2023

*Celebration of Van mahotsav*

# राकेश मिस्टर तो रीना बनीं मिस फेयरवेल

## घुमारवीं कॉलेज में विद्यार्थियों को दी विदाई पार्टी

संवाद न्यूज एजेंसी

**मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए किए प्रेरित**

घुमारवीं (बिलासपुर)। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के स्नातकोत्तर गणित विभाग में एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कपिल ने की।

इस अवसर पर पहाड़ी नाटी, एकल नृत्य, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में राकेश को मिस फेयरवेल और रीना को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं, विशाल को मिस्टर पर्सनेलिटी और अंकिता को मिस पर्सनेलिटी के खिताब से सम्मानित किया गया। समारोह में प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में आगे बढ़ने के टिप्स दिए। इसके साथ ही विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

समारोह के अंत में सभी ने बिलासपुरी धाम का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर विभाग के प्रो. विवेक, डॉ. जय महलवाल, प्रो. अनिल, प्रो. ललित कुमार, डॉ. रिपन शर्मा, प्रो. सुरेश शर्मा और अन्य उपस्थित रहे।

*Learning Management and leadership activities.*

दैनिक जागरण 16/Dec./2023



स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के छात्र रवाना होने से पूर्व प्राचार्य रामकृष्ण व अन्य प्रवक्ताओं के साथ • जागरण

## चंडीगढ़ व मोहाली का दौरा करेंगे घुमारवीं कालेज के विद्यार्थी

**संवाद सहयोगी, घुमारवीं :** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए (एचईआइएस) हाई इंस्टिट्यूट एजुकेशन सोसायटी की ओर से तीन दिवसीय औद्योगिक तथा एक्स्पोजर विजिट पर चंडीगढ़ तथा मोहाली भेजा गया। यह दल सीएस- साफ्ट साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, स्पेस विंडो प्राइवेट लिमिटेड तथा ओशियन टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड मोहाली का दौरा करेगा। शैक्षिक भ्रमण पर जाने से पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आइटी सेक्टर में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अधिक से अधिक सीखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों को सोसायटी अपने खर्चे पर दस दिन के विशेष प्रशिक्षण पर भेजेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं एचईआइएस के सचिव डा. सुरेश शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है तथा बीसीए एवं बीबीए के व्यवसायिक कोर्सेज के विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डा. सुरेश शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के व्यवसायिक कोर्सेज की आवश्यकता के अनुसार उनके प्रशिक्षण के लिए प्रयासरत तथा संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का कौशल विकास तथा रोजगार परक उद्देश्य के लिए एचईआइएस प्रयासरत है। 47 विद्यार्थियों के औद्योगिक तथा एक्स्पोजर विजिट के इस दल का नेतृत्व प्रो. अमर पाल सिंह, रोहित कुमार तथा प्रियंका कर रहे हैं।

***Excursion program by BCA Students***

अमर उजाला 21/02/2024

# घुमारवीं कॉलेज में 61 विद्यार्थियों और अध्यापकों ने किया रक्तदान

## एम्स बिलासपुर की दस सदस्यीय टीम ने शिविर में दीं सेवाएं, रक्तदान का बताया महत्व

संवाद न्यूज एजेंसी

**घुमारवीं (बिलासपुर)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 61 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में एम्स बिलासपुर की टीम ने सेवाएं दीं और रक्त एकत्रित किया।

रक्तदान शिविर सुबह 10:00 से शाम 3:00 बजे तक चला। इसमें महाविद्यालय के 109 विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर शिक्षकों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया और 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्त एकत्रित करने के लिए एम्स बिलासपुर की दस सदस्यीय टीम पहुंची। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने रक्तदाताओं से कहा कि मानव रक्त का उत्पादन किसी मशीन में संभव नहीं है। इसलिए जरूरत पड़ने पर खून की आपूर्ति मानव के रक्त से ही संभव है। ऐसे में जरूरी है कि हम लोग ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें ताकि आपात स्थिति में वह जिंदगी और मौत से जूझ रहे जरूरतमंद व्यक्ति के काम आ सके।

शिविर में रक्तदान करने वालों के लिए महाविद्यालय की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई थी। साथ ही रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और एक स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य ने एम्स बिलासपुर की टीम का भी सेवाएं देने के लिए आभार जताया। रक्तदान का आयोजन एनएसएस, एनसीसी, रोवर एंड रेंजर, रोड सेफ्टी क्लब और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर सभी समितियों के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा, प्रो. प्रीतम लाल, सेवानिवृत प्रो. पीएल जनेऊ, रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. ललित शर्मा, प्रो. राजीव शर्मा, डॉ. प्रकाश गौतम, डॉ. मनीष कुमार प्रो. पूजा मौजूद रहे।


घुमारवीं कॉलेज में रक्तदान करता युवक और अन्य। -संवाद

अमर उजाला 22/02/2

***Blood Donation Camp Students***



# विद्यार्थियों को दिलाई एकता-अखंडता की शपथ

## जिले के स्कूलों और कॉलेजों में मनाया संविधान दिवस, विद्यार्थियों को दी मौलिक अधिकारों की जानकारी

अमर उजाला
26/11/23

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। जिले के स्कूलों और कॉलेजों में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी अध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने संविधान के अनुसार कार्य करने और देश निर्माण की शपथ ली। साथ ही विद्यार्थियों को मौलिक अधिकार और कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में संविधान दिवस मनाया गया। सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। इस उपलक्ष्य पर राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रमोद शर्मा ने विद्यार्थियों को संविधान के निर्माण और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान भारत की विविधता को एकता के सूत्र में बांधता है। उन्होंने मौलिक अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों को मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया और विद्यार्थियों को इनका पालन करने के लिए प्रेरित किया।

जुखाला। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की

बिलासपुर के लखनपुर में आयोजित संविधान दिवस पर उपस्थित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सदस्य। संवाद

वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग में प्रो.सुदामा राम, प्रो. राजेश कुमार, डॉ.जसवंत सिंह सैनी, डॉक्टर कश्मीर सिंह ठाकुर, डॉक्टर देवेंद्र, प्रो. वीरेंद्र शर्मा, डॉ.राम प्रकाश, डॉ.राजेश ठाकुर, प्रो.राजेंद्र, प्रो.प्रेम, प्रो.दीपाली, प्रो.अमित, सीएससीए के पदाधिकारी, गैर शिक्षक वर्ग और अन्य उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में संविधान दिवस मनाया गया। राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.राम कृष्ण ने की। उन्होंने भारतीय संविधान देश के संचालन की एक निश्चित नियमावली है, जिसके अनुसार लोकतंत्र चलता है। सभी विद्यार्थियों को संविधान में वर्णित अधिकारों और कर्तव्यों का ज्ञान होना चाहिए। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. सीता राम ने कहा कि संविधान दिवस पर हमें संविधान सभा के सभी सदस्यों को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा से कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक देशवासी को संविधान में वर्णित अधिकारों और कर्तव्यों के लिए सजग होकर एक जागरूक नागरिक बनना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो.रमेश शर्मा ने संविधान दिवस के इतिहास के बारे में अपने विचार रखे। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। झंडूता के राजकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। भारत के संविधान के निर्माण के उपलक्ष्य पर प्राचार्य प्रोफेसर अंजू बाला शर्मा ने विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संविधान की उद्देशिका की शपथ भी दिलाई। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवियों ने संविधान दिवस पर विचार रखे गए। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में एनएसएस स्वयंसेवियों ने संविधान की उद्देशिका पढ़कर सभी को एकता और अखंडता की शपथ दिलवाई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत ने बताया कि आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव और संविधान दिवस मना रहा है।

***Remembering the peoples associated with Sanbidhan***



अमर उजाला 07/06/2023

# बीवॉक मैनेजमेंट के छात्रों ने किया बाजार का सर्वेक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

घुमारवीं(बिलासपुर)। बीवॉक रिटेल मैनेजमेंट के छात्रों ने व्यापार बाजार की जांच और व्यापार तिकता, ग्राहक आकार, व्यापार मता और नए प्रवेशकों, उत्पाद श्रण, मानव संसाधन मूल्य द्वारा उत्पन्न खतरों से कैसे निपटना हैं, इसे बेहतर ढंग से समझने के लिए व्यापार मालिकों से बात की।

यह सर्वेक्षण व्यवसायियों से व्यावसायिक प्रश्न पूछकर किया गया था। सर्वेक्षण का मुख्य लक्ष्य छात्रों को व्यवसाय की व्यावहारिक वास्तविकताओं को समझने में मदद करना और साथ ही उन्हें इसमें शामिल और आश्वस्त बनाना रहा। वास्तविक कॉर्पोरेट वातावरण में संचार कौशल मानकों को कैसे लागू किया जाए। छात्र इसके बारे में सीख सकते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर राम कृष्ण ने कहा कि यदि छात्र अपनी सैद्धांतिक शिक्षा का उपयोग वास्तविक दुनिया में करते हैं। वे व्यवसाय की अवधारणा को समझेंगे। उन्होंने छात्रों को अधिक व्यावहारिक शोध करने की सलाह दी।

नोडल अधिकारी प्रोफेसर सीता राम ने कहा कि इन गतिविधियों से छात्रों को विभिन्न तरीकों से योग्यता और आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिलती है।

बीवॉक संकाय के शिक्षकों पूजा शर्मा, राकेश कुमार, कुणाल कश्यप, राजीव चौहान, राजीव कुमार छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि व्यावहारिक ज्ञान अधिक प्रभावी है।

***Market survey by B. Voc. Students***



***Hostel Function***


RAM TRADERS
G.C.G.
Chemistry


Shot on moto g31
Rajeev Sharma
20 Sep 2023, 11:12 am






***Practical Work by students***